## विक्रमादित्य के नाम पर एक करोड़ एक लाख का मिलेगा सम्मान

**उज्जैन से विश्व में गूंजेगा संस्कृति और मानव कल्याण का संदेश**

**उज्जैन।** धर्म, संस्कृति और ज्ञान की पावन नगरी उज्जैन एक बार फिर अपने प्राचीन वैभव और सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली परंपरा को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने जा रही है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा एक करोड़ एक लाख रुपए के अंतरराष्ट्रीय सम्राट विक्रमादित्य सम्मान के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।

इस सम्मान के लिए अंतिम तिथि 20 मई 2026 निर्धारित की गई है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 21 लाख रुपए का एक सम्मान तथा मध्यप्रदेश स्तर पर पांच-पांच लाख रुपए के तीन शिखर सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के तौर पर इस आयोजन में शामिल होंगे।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य केवल उज्जैन के ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के उस स्वर्णिम युग के प्रतीक हैं, जिसमें न्याय, दानशीलता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, राजनय और आध्यात्म का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उनके आदर्शों को आधार बनाकर यह सम्मान उन व्यक्तियों और संस्थाओं को दिया जाएगा, जिन्होंने समाज और मानवता के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्व मानव कल्याण, अंतरराष्ट्रीय भाईचारा, सर्वधर्म समन्वय, भारतीय संस्कृति के उत्थान,



सामाजिक नवाचार, भारतीय दर्शन, धर्म, परंपरा और वेदांत के प्रचार-प्रसार जैसे क्षेत्रों में रचनात्मक और जनकल्याणकारी योगदान देने वाले भारत सहित विश्व भर के व्यक्ति और संस्थाएं इस सम्मान के लिए नामांकन भेज सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय साधनारत व्यक्तियों एवं संस्थाओं के लिए 21 लाख रुपए का राष्ट्रीय सम्मान तथा मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए पांच-पांच लाख रुपए के तीन शिखर सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। नामांकन 20 मई 2026 तक निदेशक, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, बिड़ला भवन, देवास रोड, उज्जैन अथवा रवींद्र सभागम केंद्र, प्रथम तल, रवींद्र भवन परिसर, भोपाल के पते पर डाक द्वारा अथवा ई-मेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। विस्तृत नियम एवं जानकारी शोधपीठ की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### उज्जैन में आज से छपाक

**उज्जैन।** कोठी रोड पर निर्मित तरण ताल का अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल की तरह पुनर्निर्माण किया है। नगर निगम के 8.30 करोड़ की लागत से बने तरण ताल का लोकार्पण गुरुवार को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा निगम मद की राशि लगभग 8 करोड़ 30 लाख की लागत से पुराने के स्थान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल का पुनर्निर्माण किया है।

## क्यूआर स्कैन करते ही खाते से निकले 43 हजार

**वृद्ध को गूगल पर नंबर सर्च करना पड़ा महंगा, शिकायत पर पुलिस में प्रकरण दर्ज**

**उज्जैन।** जीयो वाईफाई की राशि रिफंड कराने के लिये वृद्ध को गूगल पर कस्टमर केयर नम्बर सर्च करना भारी पड़ गया। शातिर ठग ने क्यूआर कोड भेज खाते से 3 बार ट्रांजेक्शन किया और 43 हजार के लगभग राशि निकाल ली। 8 माह बाद पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

नागदा थाना एसआई वीरेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि आदिनाथ कालोनी में रहने वाले सलीम पिता बाबू खान 55 साल के साथ 12 जुलाई 2025 को आनलाईन 42 हजार 990 रूपये की धोखाधड़ी हुई थी। मामले की शिकायत सलीम खान ने साइबर सेल को दर्ज कराई थी, जहां से अब धोखाधड़ी करने वाले की जानकारी सामने नहीं आई तो उन्होने 8 माह बाद थाने आकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की ओर से अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सलीम खान ने बताया कि उन्हें जीयो वाईफाई से 2221 राशि का रिफंड लेना था। जिसके चलते उन्होंने जीयो वाईफाई से संपर्क करने के लिये गूगल पर कस्टमर केयर नम्बर सर्च किया। नम्बर मिलने पर उन्होंने कॉल किया और राशि रिफंड की बात कहीं। कॉल रिसिव करने वाले ने कहा कि वाट्सएप पर क्यूआर कोड भेज रहा हूं। स्कैन कर अपना पासवर्ड डालना, आपकी राशि रिफंड हो जायेगी। सलीम खान ने क्यूआर कोड स्कैन कर पासवर्ड डाल दिया। कुछ देर बाद उनके खाते से पहली बार 39993, दूसरी बार 999 और तीसरी बार में 1998 रूपये का ट्रांजेक्शन हो गया। खाते से 42 हजार 990 रूपये निकलने का मैसेज मिलते ही उन्हे धोखाधड़ी का आभास हुआ। एसआई चौहान के अनुसार पुलिस अब अज्ञात बदमाश का पता लगाने के लिये बैंक से जानकारी प्राप्त कर पता लगाये कि उक्त राशि किस खाते में ट्रांसफर की गई है।

### एक नजर में



### प्रतियोगिता में रैंप पर उतरीं कई प्रांतों की दुल्हनें

**उज्जैन।** विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट में सोमवार, 16 मार्च को सिद्धिविनायक महिला मंडल द्वारा फूल-पाती का भव्य आयोजन किया गया। मंडल की अध्यक्ष पूनम टेकवानी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रांतीय दुल्हन प्रतियोगिता रही। इसमें महिलाओं ने बंगाली, मराठी, राजस्थानी, पंजाबी और गुजराती दुल्हन के पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर रैंप वॉक किया। समिति द्वारा प्रतियोगिता की हर प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में बाल कलाकार जियाशी टेकवानी दूल्हा और समायरा टेकवानी दुल्हन के स्वरूप में पहुंचे, जिन्होंने सभी का ध्यान आकर्षित किया। सिद्धिविनायक महिला मंडल की स्थापना को 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और मंडल द्वारा हर बार कार्यक्रमों में कुछ नया करने का प्रयास किया जाता है। इस आयोजन को भव्य रूप देने और साज-सज्जा में उपाध्यक्ष कुंजू भावसार, सचिव बबीता अग्रवाल, सहसचिव अलका काकाणी और कोषाध्यक्ष शोभा काला की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में मीनल अग्रवाल, इंदु जैन, शिरोमणि अग्रवाल, रेखा कामरिया, द्वारिका खंडेलवाल, सरोज गुप्ता, रिकिता चौधरी, पूजा चित्तौड़ा, रजनी भावसार, सुनीता पलोड, मनीषा अग्रवाल, विजेता गुप्ता, ऋतु जैन, अरुणा पोरवाल, मंजू सिंघवी, मंदाकिनी नवाब, कुसुम भूतड़ा, प्रीति बरबोटा, सोनिया काला, आकांक्षा बंसल, मंगला माहेश्वरी, रूबी जैन, टीना अग्रवाल, सरिता कटारिया, पूनम जैन, शीला जैन, शिखा जैन, प्रिया गुप्ता, श्रद्धा माहेश्वरी, प्रमिला जैन, भावना पोखरना, रूबी जैन, नेहा जैन, सुनीता भाटिया सहित मंडल की लगभग 60 से 70 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।



### औद्योगिक भ्रमण में सीखीं प्रबंधन की बारीकियां

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक महाविद्यालय के बीबीए और बीकॉम प्रथम वर्ष के 60 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत श्रीजी पैकर्स एमपी प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करते हुए उद्योग की कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। भ्रमण में विद्यार्थियों को एक्सपोर्ट-इंपोर्ट मैनेजमेंट, फॉरेन ट्रेड, प्रोडक्शन मैनेजमेंट, गुणवत्ता नियंत्रण और सेविवर्गीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी के एचआर मैनेजर राजेंद्र ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेष त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक पक्ष के साथ गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना ही महाविद्यालय की मुख्य नीति है। इस व्यावसायिक एवं शैक्षणिक भ्रमण का संयोजन डॉ. नितिशा तोषनीवाल ने किया। भ्रमण में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केतकी त्रिवेदी, डॉ. स्मृति जैन और सोनल गोधा ने विद्यार्थियों का नेतृत्व कर सहभागिता की। लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति एवं सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण तथा कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने इस गतिविधि की प्रशंसा की और विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस भ्रमण से उन्हें व्यावहारिक पहलुओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त होगा।



### गतिविधियों के आयोजन पर सकारात्मक चर्चा

**उज्जैन।** सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ आईसीएआई की उज्जैन शाखा की प्रबंध समिति के सदस्यों ने नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के अध्यक्ष सीएस पवन चांडक से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर शाखा प्रतिनिधियों ने प्रोफेशनल संस्थाओं के बीच आपसी सहयोग, ज्ञान साझा करने तथा भविष्य में संयुक्त रूप से सेमिनार एवं अन्य प्रोफेशनल गतिविधियों के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान दोनों संस्थाओं के बीच प्रोफेशनल विकास को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक संवाद हुआ। आईसीएसआई अध्यक्ष सीएस पवन चांडक ने उज्जैन शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने प्रोफेशनल संस्थाओं के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

### महापौर ने किया रामघाट का अवलोकन

**उज्जैन।** अमावस्या पर्व के अवसर पर रामघाट का महापौर मुकेश टटवाल ने अवलोकन किया। अवलोकन में महापौर मुकेश टटवाल ने स्वास्थ्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि घाट पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए वस्त्र, पूजन सामग्री को शीघ्र सफाई कर घाट को स्वच्छ किया जाए। निरीक्षण में शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत मौजूद रहे।

## आत्महत्या से पहले मोबाइल पर बनाया था वीडियो

**इंगोरिया में रेलवे ट्रैक पर मिली थी युवक की गर्दन कटी लाश**

**उज्जैन।** ग्राम नारेला और बनबना के बीच रेलवे ट्रेक पर सोमवार-मंगलवार रात गर्दन कटी लाश की सूचना पर इंगोरिया थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। मृतक युवक की पहचान उसके पास मिले मोबाइल और कुछ दूरी पर खड़ी बाइक नम्बर के आधार पर की गई। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि रात में रेलवे ट्रेक पर युवक गर्दन कटी लाश पड़ी होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का होना सामने आया। घटनास्थल पर जांच के दौरान मृतक युवक का मोबाइल और कुछ दूरी पर बाइक खड़ी मिली। जिसके आधार पर उसकी पहचान इंदरगिरी पिता कालू गिरी गोस्वामी 48 साल निवासी ग्राम सुराखेड़ी के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मंगलवार सुबह सामने आया कि इंदरगिरी ने आत्महत्या से पहले मोबाइल से वीडियो बनाया था, जिसे परिजनों को भेजा था। वीडियों में उसने कहा कि सुसाइड कर रहा हूं मैं थक गया हूं। पारिवारिक समस्या नहीं है। जीवन में किसी को कष्ट दिया हो तो क्षमा करना। बताया जा रहा है कि सुसाइड से पहले उसने शराब का सेवन भी किया था। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल परिजनों के गमगीन होने पर बयान दर्ज नहीं हो सके है। जिसके चलते उक्त युवक द्वारा की गई आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ पाई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मोबाइल जांच में लिया गया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों के बयान दर्ज किये जायेंगे।

### धर्मग्रंथ पढ़ रहे युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि केरल का रहने वाला मैथ्यू पिता जोसेफ 22 वर्ष पिछले तीन सालों से उज्जैन में रहकर इसी धर्म ग्रंथ का अध्ययन आगर रोड स्थित समाज के ही रुहालय कॉलेज में कर रहा था। कुछ दिनों से वह पढ़ाई को लेकर तनाव चल रहा था मंगलवार बुधवार रात उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। साथ में अध्ययन करने वाले छात्रों ने उसे देखा तो कॉलेज के शिक्षकों को जानकारी दी। थाना उपनिरीक्षक दिनेश भट्ट ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके से छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए चालक अस्पताल लाया गया, वहीं मर्ग कायम कर बॉडी कॉलेज के शिक्षकों के सुपुर्द की गई।

## आज मनेगा स्थापना दिवस और नवसंवत्सर

**उज्जैन।** आर्य समाज के स्थापना दिवस और गुड़ी पड़वा के अवसर पर आज 19 मार्च गुरुवार को नई सड़क बहादुरगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में नूतन वर्ष का अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक परंपरा के अनुसार विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति के अनुरूप नववर्ष के स्वागत के लिए प्रातः 7.30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे ओ3म् ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक विश्व कल्याण महायज्ञ संपन्न होगा। प्रातः 10 बजे से 11.30 बजे तक भजन, प्रवचन और नवसंवत्सर सृष्टि उत्पत्ति दिवस पर वैदिक विद्वानों के व्याख्यान होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य एवं संगीतविद् पंडित ओमदत्त आर्य का आर्य समाज और संगीत जगत में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान किया जाएगा।

## चार लोगों ने की देहदान की घोषणा

**श्री वल्लभ शास्त्री स्मृति संस्थान में 29वें जिला स्तरीय सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया**

**उज्जैन।** श्री वल्लभ शास्त्री स्मृति संस्थान द्वारा सोनकच्छ स्थित गीता भवन में 29वें जिला स्तरीय सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इस समारोह में अतिथि वक्ता एवं समाजशास्त्री आचार्य शैलेन्द्र पाराशर को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी रमेशचंद्र मेहता को ओंकारलाल शर्मा स्मृति सम्मान, देवास के खेल प्रशिक्षक राधेश्याम सोलंकी को वल्लभ शास्त्री स्मृति सम्मान और संस्था मानस देवास को इन्दोरी लाल पाटोदी स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। अतिथियों का परिचय सौभाग सिंह ठाकुर, अरविंद शर्मा, देवेंद्र जोशी, तरूण सोखिया और कमल किशोर पाटीदार ने दिया। इस आयोजन में समाज में नवप्रेरणा का संचार करते हुए अजयसिंह बघेल, सत्यनारायण लाठी, राजेंद्र कुमार जाजू और प्रकाशचंद्र बाकलीवाल ने मानव कल्याणार्थ मरणोपरांत देहदान की घोषणा की। संचालन संस्था सचिव अशोक कुमार दुबे ने किया।

### सद् विचारों से होता है स्वभाव का निर्माण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य पाराशर ने कहा कि मनुष्य के मन में जैसे भाव और विचार आते हैं, उसी के अनुरूप उसकी आदतें, स्वभाव और व्यवहार का निर्माण होता है। मन को निरंतर सद्विचारों से पुष्ट करते रहना चाहिए, क्योंकि शुभ संकल्प धारण करने से ही वास्तविक आनंद की प्राप्ति होती है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

**शांतिस्वरूपानंद महाराज ने हिंदू संगठन पदाधिकारियों का किया अभिनंदन**

**उज्जैन।** उज्जैन के चारधाम मंदिर के पीठाधीश्वर एवं निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज इन दिनों इंदौर में कथा कर रहे हैं। कथा के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि कुछ समय पूर्व बनारस की एक महिला के माध्यम से उन्हें झूठे दुष्कर्म प्रकरण में फंसाने का प्रयास किया गया था, लेकिन भगवान महाकाल की कृपा से वे इस साजिश से सुरक्षित बच निकले। इस घटना के सामने आने के बाद साधु-संत समाज में आक्रोश व्याप्त है। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर संगठन के पदाधिकारियों ने स्वामी से मुलाकात कर उनका सम्मान किया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी सक्रिय रूप से आगे आए और साधु-संतों के हित में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज ने दोनों पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन द्वारा सनातन धर्म एवं गौ-रक्षा के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन अंतर्गत ग्राम पंथ पिपलाई आयोजन किया गया**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत ग्राम पिपलिया राघो में सेक्टर पंथ पिपलाई की चयनित नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण द्वारा सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण व्यास विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद,



आशीष विरक्त सामाजिक कार्यकर्ता, करुणा शितोले संस्था अध्यक्ष एवं विकेंद्र शर्मा परामर्शदाता मंचासीन रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण व्यास ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण के माध्यम से समिति के सदस्य अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी भी दी।

आशीष विरक्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यों में आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सके।

### संस्था की गतिविधियों पर वक्ता प्रकाश डाला

वहीं करुणा शितोले ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विकेंद्र शर्मा ने प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विक्रम सिंह आंजना, मनोज पाटीदार, यशपाल सिंह, कालू सिंह नवांकुर सखी उपस्थित रहे। संचालन छवि कदम आभार कविता राठौर ने माना।

## भक्ति से सराबोर रहा फाग उत्सव, भजनों की स्वरलहरियों पर थिरके समाजजन

**संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति का आयोजन**

**उज्जैन।** उज्जैन संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में मंगलवार, 17 मार्च को सांवरिया सेठ मंदिर परिसर में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चले इस आयोजन में होली और कृष्ण भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे समय पारिवारिक उल्लास की झलक देखने को मिली। इससे पूर्व, मुख्य द्वार पर बटुकों द्वारा समाजजनों का तिलक कर व दुपट्टा पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों का सम्मान शॉल, श्रीफल, मोती माला और दुपट्टा भेंटकर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मध्य में रेखा भार्गव ने समिति की स्थापना से लेकर अब तक की सामाजिक गतिविधियों का विस्तृत विवरण उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा। राज जोशी ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में अजय शंकर तिवारी, मुकेश उपाध्याय, अजय पांडेय और ललिता तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भोजन प्रसादी, जल व्यवस्था और स्थल प्रबंधन में प्रवीण पंड्या सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### महाआरती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं

उत्सव में भगवान सांवरिया सेठ की महाआरती का सौभाग्य ज्योतिषाचार्य पं. श्रवण अग्निहोत्री को प्राप्त हुआ। भजनों की प्रस्तुति के दौरान बाल कलाकारों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में मनमोहक नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, कनिका तिवारी और अदिति तिवारी ने अपनी सुरीली आवाज और आकर्षक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की लय पर उपस्थित समाजजन खुद को रोक नहीं सके।

## कलाल राय महिला मंडल ने निकाली फूलपाती

**उज्जैन।** कलाल राय समाज महिला मंडल द्वारा पारंपरिक उत्साह के साथ फूलपाती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षीर सागर उद्यान में विधि-विधान से पूजन के साथ हुई, जहां समाज की महिलाओं ने एकत्रित होकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। पूजन के बाद फूलपाती का जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। समाज की अध्यक्ष अमिता तिलक एवं सचिव नीता तिलक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन समाज की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र दुल्हा-दुल्हन के रूप में सजी बालिकाएं रहीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। फूलपाती का जुलूस क्षीर सागर से प्रारंभ होकर निजातपुरा स्थित राय समाज धर्मशाला तक पहुंचा। जुलूस के दौरान महिलाओं ने एकरूपता के साथ पारंपरिक वेशभूषा धारण कर समाज की एकता और सांस्कृतिक पहचान को दर्शाया। राय समाज पुरुष कार्यकारिणी सहित राहगीरों ने भी इस आयोजन को सराहा और कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## महाराष्ट्र समाज की ऐतिहासिक गैर आज

**नासिक के ढोल-ताशों की गूंज से होगा नवसंवत्सर का स्वागत**

**उज्जैन।** वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर 19 मार्च को महाराष्ट्र समाज द्वारा शहर में पारंपरिक गैर निकाली जाएगी। महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज की गैर की यह अत्यंत प्राचीन परंपरा इस वर्ष अपने 116वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस भव्य आयोजन में समाजजन भारी संख्या में एकत्रित होकर शक्ति और एकता का प्रदर्शन करते हुए नवसंवत्सर का स्वागत करेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार, गुरुवार सुबह 9 बजे क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर समाज भवन में गुड़ी उभारणी का मुख्य कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके पश्चात सुबह 10 बजे पानदरीबा स्थित गणपति मंदिर पर पवित्र ध्वज, पवित्र लिग्गी एवं निशान का विधि-विधान से ध्वजारोहण किया जाएगा। शाम 7 बजे पवित्र ध्वजों एवं निशान का पूजन कर उन्हें चल समारोह के रूप में रामघाट ले जाया जाएगा। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां क्षिप्रा के पवित्र जल का स्पर्श कराने के बाद गैर शहर के प्रमुख मार्गों की ओर प्रस्थान करेगी। यह चल समारोह दानीगेट, ढाबा रोड, छत्रपति, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुजरी बाजार और बक्षी बाजार होते हुए वापस पानदरीबा पहुंचेगा, जहां गैर का विधिवत समापन होगा। इस ऐतिहासिक गैर का मुख्य आकर्षण नासिक से आया विशेष दल रहेगा। इस दल के 52 कलाकार दुंदुभी, ढोल-ताशा और बैंड के नाद से पूरे मार्ग को गुंजायमान करेंगे।

**गुड़ी पड़वा उत्सव** | **गुड़ी पड़वा पर आज महाकाल के शिखर का ध्वज बदलेंगे, नीम के जल से स्नान**

## दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह ने बुधवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। वे अल सुबह हुई भस्मारती में शामिल हुए। गर्भगृह के बाहर से खड़े होकर उन्होंने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। पुजारी आशीष गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। आज गुड़ी पड़वा पर महाकाल मंदिर के मुख्य शिखर का ध्वज बदलेंगे। भगवान को नीम मिश्रित जल से स्नान कराएंगे। श्रीखंड का भोग लगाएंगे। शिप्रा के रामघाट और दत्त अखाड़ा घाट पर सुबह हिंदू नववर्ष के स्वागत में सूर्य को अर्ध्य देंगे तो शाम को पुराने शहर में सिंहपुरी की



रंगारंग गेर निकलेगी। आज से चैत्र की नवरात्रि भी शुरू होगी। उज्जैन के हरसिद्धि सहित देवी मंदिरों में भक्त उमड़ेंगे। इधर देश का दूसरा 10 महाविद्या देवियों का विशाल मंदिर उज्जैन के भैरवगढ़ में बगलामुखी धाम में बनकर तैयार है। मंदिर में देवियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा आज चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में शुरू होगी। 27 मार्च रामनवमी तक अनुष्ठान चलेगा जिसमें प्रतिदिन एक-दो देवियों की प्रतिष्ठा की जाएगी। गुरुवार को प्रतिपदा पर शिप्रा के दत्त अखाड़ा घाट पर प्रायश्चित कर्म एवं 10 विधि स्नान कर मंदिर में मंडप प्रवेश होगा।

महर्षि गौतम जयंती पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण उर्दूपुरा का चल समारोह गेर एवं सम्मान समारोह गुरुवार को आयोजित होगा। न्यास के अध्यक्ष पंडित विजय शर्मा ने बताया उर्दूपुरा धर्मशाला में दोपहर 2 बजे साधारण सभा की बैठक होगी। शाम 5 बजे गेर निकलेगी। समापन पर मंच से समाज के पं. जस्सू गुरु महाराज को महंत की उपाधि मिलने एवं माया राजेश त्रिवेदी को राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष पद पर पुनः मनोनीत होने पर सम्मानित किया जाएगा।